ई–मेल द्वारा
अति महत्वपूर्ण/समयबद्ध

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित एवं निजी क्षेत्र की संस्थाएँ।

पत्रॉक: प्राशिप/अनु0–06/नव0 2024–25/ 8065 **लखनऊ: दिनॉक:** 06/11 **/2024**

विषय: शैक्षिक सत्र 2024–25 में ऑनलाइन काउन्सिलिंग के नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं (फार्मेसी पाठ्यकम को छोड़कर) के नामांकन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के माध्यम से डिप्लोमा इंजी0 एवं अन्य पाठ्यक्रमों (फार्मेसी पाठ्यक्रम को छोड़कर) सत्र 2024–25 में ऑनलाइन काउन्सिलिंग के नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं हेतु 7 वें राउन्ड तक प्राप्त विवरण (डाटा) के आधार पर प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा सत्र 2024–25 हेतु परिषद की वेबसाइट **www.bteup.ac.in** पर उपलब्ध संस्था लॉगिन पर सत्र 2024–25 में ऑनलाइन काउन्सिलिंग के **नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं के नामांकन की प्रकिया हेतु लिंक ENROLLMENT FORM (FOR NEWLY ENROLLED STUDENTS SESSION 2024-25) दिनांक 07/11/2024 से 16/11/2024 की रात्रि 12:00 बजे तक खोला जा रहा है।**

यहाँ यह भी अवगत कराना है कि विषम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर 2024 के परीक्षा आवेदन पत्र भी निर्धारित समय में भराये जायेंगे। अतः प्राथमिकता के आधार पर उपरोक्तानुसार नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं के नामांकन की कार्यवाही निर्धारित समयावधि तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,
06/11/24
(मानेन्द्र कुमार कनौजिया)
उपसचिव/कृते सचिव।

पृ0 स0: प्राशिप/अनु0–06/नव0 2024–25/ 8066 **तद् दिनॉक:** 06/11 **/2024**

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
2. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र, बुन्देलखण्ड क्षेत्र, मध्य क्षेत्र, पश्चिमी क्षेत्र को इस अनुरोध के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित संस्थाओं के संस्था प्रधानाचार्य का अपने स्तर से निर्देशित करना चाहें।
3. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार समयान्तर्गत कार्यवाही करना सुनिश्चित करें एवं उक्त की सूचना वेबसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

06/11/24
(मानेन्द्र कुमार कनौजिया)
उपसचिव/कृते सचिव।

Scanned with OKEN Scanner